**अकसर पूछे जाने वाले प्रश्न (FAQ)**
**केन्द्रीयकृत रोजगार सूचना संख्या (सीईएन) 08/2024 (7वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के लेवल- 1 में विभिन्न पदो हेतु (हिंदी )**

प्रश्न 1 सीईएन संख्या 08/2024 के लिए आवेदन आरंभ होने की तिथि क्या है ?
उत्तर आवेदन की प्रारंभिक तिथि **23-01-2025** है ।

प्रश्न 2 सीईएन संख्या 08/2024 के लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि क्या है ?
उत्तर- आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि **22-02-2025** (23:59 बजे) है ।

प्रश्न 3 शुल्क भुगतान करने की अंतिम तिथि क्या है?
उत्तर ऑनलाइन आवेदन का शुल्क भुगतान करने की अंतिम तिथि **24.02.2025** (23:59 बजे) है।

प्रश्न 4 आवेदन में संशोधन की तिथियां क्या हैं ?
उत्तर संशोधन विंडो आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि के बाद ही खुलेगी और 25-02-2025 से 06-03-2025 तक सक्रिय रहेगी। यदि उम्मीदवार 'खाता बनाएँ फ़ॉर्म (ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर सहित) और चुने गए रेलवे में भरे गए विवरण को छोड़कर किसी भी विवरण को संशोधित, बदलना या सही करना चाहते हैं, तो वे प्रत्येक अवसर के लिए 250/- रुपये (गैर-वापसी) का संशोधन शुल्क जमाकर ऐसा कर सकते हैं। **(कृपया ध्यान दें: 'खाता बनाएँ' फ़ॉर्म और 'चुने गए रेलवे/आरआरबी में भरे गए विवरण को संशोधित नहीं किया जा सकता है)।**

प्रश्न 5 आवेदन प्रस्तुत करने एवं शुल्क भुगतान करने से संबंधित प्रश्नों के लिए मुझे किससे संपर्क करना चाहिए
उत्तर. **अभ्यर्थियों के लिए हेल्पलाइन:** CEN 08/2024 के आवेदन जमा करने से संबंधित किसी भी प्रश्न के लिए (सभी कार्य दिवसों में सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक)
ईमेल: rrb.help@csc.gov.in Phone: 0172-565-3333 and 9592001188

**अभ्यर्थियों के लिए हेल्पलाइन:** CEN 08/2024 के शुल्क भुगतान से संबंधित किसी भी प्रश्न के लिए
एसबीआईईपे एस्केलेशन मैट्रिक्स: उम्मीदवारों के संपर्क के लिए विवरण

| | **संपर्क नंबर** | **ईमेल आईडी** | **किसके लिए** |
|---|---|---|---|
| लेन-देन संबंधी समस्याएँ के लिए हेल्प डेस्क | 022-20876123 (24*7 ग्राहक सेवा) | sbiepay@sbi.co.in | आवेदक |
| | 022-20876121 | agm3.aggregator@sbi.co.in (दूसरे स्तर की उन्नति एस्केलेशन) | आवेदक |

प्रश्न 6 'खाता बनाने के लिए क्या-क्या आवश्यक हैं ?
उत्तर. अभ्यर्थियों के पास अपना मोबाइल नंबर और वैध एवं सक्रिय पंजीकृत ईमेल आईडी होनी चाहिए ।

प्रश्न 7 मैंने CEN 01/2024 के लिए एक खाता बनाया है। क्या मुझे CEN 08/2024 के लिए एक और खाता बनाना चाहिए ?
उत्तर नहीं, जिन उम्मीदवारों ने वर्ष 2024 में रेल भर्ती बोर्ड द्वारा प्रकाशित किसी भी अधिसूचना के दौरान पहले ही खाता बना लिया है, जैसे कि CEN 01/2024 (ALP) या CEN 02/2024 (तकनीशियन), CEN 03/2024 (JE, DMS, CMA), 04/2024 (पैरामेडिकल), 05/2024 (एनटीपीसी/स्नातक), 06/2024 (एनटीपीसी/अंडर ग्रेजुएट), 07/2024 (मिनिस्टीरियल और आइसोलेटेड) या RPF CEN 01/2024 (कॉन्स्टेबल) या RPF CEN 02/2024 (सब-इंस्पेक्टर) उन्हें फॉर्म भरते/जमा करते समय फिर से खाता बनाने की आवश्यकता नहीं है। उन्हें CEN 08/2024 के लिए आवेदन करने के लिए उसी उपयोगकर्ता (यूजर आईडी) नाम और पासवर्ड का उपयोग करके लॉगिन करना चाहिए । **हालाँकि, ऐसे उम्मीदवारों को नवीनतम हस्ताक्षर अपलोड करने होंगे।**

प्रश्न 8 'खाता बनाने की प्रक्रिया क्या है ?
उत्तर. 'Apply Button' के तहत, 'Create an Account' चुनें, मोबाइल नंबर और ई-मेल आईडी सहित पूछे गए सभी विवरण दर्ज करें। उम्मीदवार के मोबाइल नंबर और ई-मेल पर OTP भेजा जाएगा। इसी को दर्ज करके जमा करना होगा।

प्रश्न 9 क्या मैं 'खाता बनाएं विवरण इडिट कर सकता हूं ?
उत्तर. नहीं, एक बार खाता बन जाने के बाद अभ्यर्थी 'खाता बनाएं' के किसी भी विवरण को इडिट नहीं कर सकते।

प्रश्न 10 'खाता बनाएं' के बाद अगली प्रक्रिया क्या है ?
उत्तर. 'Home' पेज पर जाएँ। 'Apply Button' के अंतर्गत, ड्रॉपडाउन मेनू से 'Already have an account' चुनें। अपने खाते में साइन इन करें। वहां पांच विस्तृत अनुभाग हैं: व्यक्तिगत विवरण, अन्य विवरण, शैक्षणिक योग्यता , प्रोफाइल दस्तावेज अपलोड, प्राथमिकता, पुर्नावलोकन और जमा। व्यक्तिगत विवरण दर्ज करने के बाद, उसे सेव करें और अगले अनुभाग पर आगे बढें और इसी तरह आगे बढते जाएं जब तक की उम्मीदवार अंतिम अनुभाग 'प्राथमिकता और पुर्नावलोकन और

जमा करने तक न पहुंच जाए, जहां उम्मीदवार अपना आवेदन जमा कर सकते है। शुल्क भुगतान की प्रक्रिया पूरी करें। अंत मे पंजीकरण संख्या अंकित आवेदन का एक प्रिंट आउट रख लें।

प्रश्न 11 क्या आवेदन भरने के लिए मोबाइल का उपयोग किया जा सकता है ?

उत्तर. एप्लीकेशन मॉड्यूल की कुछ विशेषताएं है जो मोबाइल प्लेटफॉर्म पर ठीक से काम नहीं करेंगी। इसलिए, डेस्कटॉप/लैपटॉप का उपयोग करने की सलाह दी जाती है।

प्रश्न 12 लॉगइन करने की प्रक्रिया क्या है?

उत्तर. पंजीकृत मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी दर्ज करने के बाद, पासवर्ड और कैप्चा दर्ज करें और सबमिट करें।

प्रश्न 13 CEN 08/2024 में कितने वेतन लेवल हैं ?

उत्तर. CEN 08/2024 में केवल एक वेतन लेवल अर्थात लेवल-1 है।

प्रश्न 14 क्या मैं अलग-अलग पदों के लिए एक रेल(जोन) में आवेदन कर सकता हूँ?

उत्तर. हां , अलग-अलग पदों के लिए अभ्यर्थियों को केवल एक रेल (जोन) के लिए आवेदन करने की अनुमति है।

प्रश्न 15 क्या मैं अलग-अलग रेलवे में अलग-अलग पद के लिए आवेदन कर सकता हूं?

उत्तर. नहीं, उम्मीदवारों को केवल एक रेलवे के लिए आवेदन करने की अनुमति है।

प्रश्न 16 क्या मैं एक से अधिक रेलवे/आरआरबी में आवेदन कर सकता हूँ ?

उत्तर. **नहीं, आपको ऐसा नहीं करना चाहिए।** एक से अधिक रेलवे में आवेदन करने पर आपके सभी आवेदन अस्वीकृत कर दिए जाएंगे और आपको RRB तथा RRC की सभी भावी परीक्षाओं से वंचित कर दिया जाएगा।

प्रश्न 17 क्या मैं एक ही रेलवे में एक से अधिक आवेदन कर सकता हूँ ?

उत्तर. **नहीं, आपको ऐसा नहीं करना चाहिए।** एक ही रेलवे में कई बार आवेदन करने पर आपके सभी आवेदन अस्वीकृत कर दिए जाएंगे और आपको आरआरबी तथा आरआरसी की सभी भावी परीक्षाओं से वंचित कर दिया जाएगा।

प्रश्न 18 मैंने LASIK सर्जरी करवाई है। क्या मैं आवेदन करने के लिए पात्र हूँ ?

उत्तर. जिन उम्मीदवारों ने रिफ्रैक्टरी त्रुटि को ठीक करने के लिए लेसिक सर्जरी या किसी अन्य सर्जरी की प्रक्रिया करवाई है, वे चिकित्सा मानक A-2 और A-3 वाले पद के लिए पात्र नहीं हैं।कृपया विस्तृत सीईएन का पैरा 3.0 देखें

प्रश्न 19 आधार सत्यापन क्यों आवश्यक है ?

उत्तर. उम्मीदवार की वास्तविक पहचान सुनिश्चित करने हेतु आधार सत्यापन आवश्यक है। किसी तीसरे पक्ष के साथ आधार विवरण साझा नहीं करेंगे या इस सीईएन के उद्देश्यों के अलावा रेलवे किसी अन्य उद्देश्य के लिए उनका उपयोग नहीं करेंगे।

प्रश्न 20 इस CEN-08/2024 के लिए आयु की गणना हेतु तिथि क्या है ?

उत्तर. आयु की गणना के लिए निर्णायक तिथि 01.01.2025 है। अधिक जानकारी के लिए CEN संख्या 08/2024 के पैरा 5.0 देखें।

प्रश्न 21 यदि मैंने अपना नाम पहले ही परिवर्तित कर लिया है तो मुझे कौन-सा दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा ?

उत्तर. आवेदकों के पास नाम परिवर्तन के लिए राजपत्र अधिसूचना या प्रासंगिक कानूनी दस्तावेज होना चाहिए और भर्ती प्रक्रिया के दौरान मांगे जाने पर इसे प्रस्तुत करने के लिए तैयार रहना चाहिए। इसे डीवी के समय भी प्रस्तुत किया जाना चाहिए। आवेदकों को 'खाता बनाएँ' के दौरान मूल नाम और परिवर्तित नाम भी भरना होगा। ऐसे मामलों में दोनों नाम आवेदन में दर्शाए जाएँगे।

प्रश्न 22 यदि मैं अपना खाता लॉगिन करने के लिए पासवर्ड भूल गया हूं तो मुझे क्या करना चाहिए ?

उत्तर. लॉगिन पेज पर 'पासवर्ड भूल गए' विकल्प पर क्लिक करें। अपनी जन्मतिथि के साथ अपना पंजीकृत ई-मेल या मोबाइल नंबर दर्ज करें। संशोधित पासवर्ड उम्मीदवार के पंजीकृत ई-मेल पते पर भेजा जाएगा। उम्मीदवारों को फिर अपने पंजीकृत ई-मेल पर भेजे गए संशोधित पासवर्ड का उपयोग करके लॉगिन करना होगा। लॉगइन करने के बाद, उम्मीदवार ऑनलाइन आवेदन पृष्ठ के ऊपर दाएँ हाथ की ओर उपलब्ध 'पासवर्ड बदलें' विकल्प पर पहुँचकर एक नया पासवर्ड बना सकते हैं।

प्रश्न 23 क्या मैं अपना पासवर्ड बदल सकता हूँ ?

उत्तर. हाँ। उम्मीदवारों को पहले पुराने पासवर्ड का उपयोग करके लॉगइन करना चाहिए। लॉगइन करने के बाद, उम्मीदवार ऑनलाइन आवेदन पृष्ठ के ऊपर दाहिने हिस्से में उपलब्ध 'पासवर्ड बदलें' विकल्प पर जाकर अपना पुराना पासवर्ड बदल सकते हैं।

प्रश्न 24 क्या मैं अपना 'चुनी हुई रेलवे/आरआरबी बदल सकता हूं ?
उत्तर. नहीं। आवेदन जमा करने के बाद आप 'चुनी हुई रेलवे/आरआरबी को नहीं बदल सकते हैं ।

प्रश्न 25 क्या मैं आवेदन प्रक्रिया के दौरान अपने विवरण इडिट कर सकता हूँ ?
उत्तर. हाँ। 'खाता बनाएं के दौरान दर्ज किए गए विवरण के अलावा आवेदन में कोई भी विवरण तब तक इडिट किया जा सकता है जब तक कि आवेदन जमा नहीं हो जाता और पंजीकरण संख्या जनरेट नहीं हो जाती।

प्रश्न 26 'निःशुल्क यात्रा प्राधिकरण (निःशुल्क रेल पास) के लिए कौन पात्र हैं ?
उत्तर. केवल अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवार ही 'निःशुल्क रेल यात्रा प्राधिकरण' (निःशुल्क रेल पास) का लाभ उठा सकते हैं।

प्रश्न 27 मैं 'मुफ्त यात्रा प्राधिकरण (मुफ्त रेल पास) कैसे प्राप्त कर सकता हूँ ?
उत्तर. यह सुविधा केवल एससी/एसटी उम्मीदवारों के लिए उपलब्ध है। ऑनलाइन आवेदन भरते समय, ऐसे उम्मीदवारों को 'क्या आप परीक्षा के लिए निःशुल्क रेल यात्रा पास का लाभ उठाना चाहते हैं' विवरण के अंतर्गत ड्रॉप डाउन से 'हाँ चुनना चाहिए और 'निकटतम रेलवे स्टेशन भरना चाहिए। निःशुल्क रेल यात्रा प्राधिकरण का लाभ उठाने वाले उम्मीदवारों की यह जिम्मेदारी है कि वे ऑनलाइन आवेदन में निकटतम रेलवे स्टेशन का सही नाम दें, ऐसा न करने पर रिजरवेशन कराते समय उनका यात्रा प्राधिकरण अस्वीकार किया जा सकता है। इसके लिए उन्हें अपना जाति प्रमाण-पत्र भी अपलोड करना होगा।

प्रश्न 28 मैं निःशुल्क रेल यात्रा सुविधा कैसे प्राप्त कर सकता हूँ ?
उत्तर. पात्र एससी/एसटी उम्मीदवारों के मामले में, उनके सिटी इंटिमेशन स्लिप/ई-कॉल लेटर में ही मुफ़्त रेल यात्रा प्राधिकरण (केवल स्लीपर क्लास रेल पास) शामिल होगा। उन्हें टिकट बुकिंग काउंटर पर अपने सिटी इंटिमेशन स्लिप/ई-कॉल लेटर और एससी/एसटी प्रमाण पत्र की स्व-सत्यापित फोटोकॉपी जमा करके ट्रेन आरक्षण बुक करने की अनुमति दी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए, सीईएन संख्या 08/2024 के पैरा 17.0 (ई) को देखें।

प्रश्न 29 मैं अपना जाति प्रमाण पत्र अपलोड करने में असमर्थ हूं।
उत्तर. जाँच करें कि स्कैन किया गया दस्तावेज़ 'पीडीएफ' प्रारूप में है और उसका आकार 500 केबी से कम है।

प्रश्न 30 ईबीसी क्या है ?
उत्तर. ईबीसी का मतलब है 'आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्ग'। आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग (ईबीसी) के उम्मीदवार वे ही हैं, जिनकी वार्षिक पारिवारिक आय 50,000/- रुपए से कम है (या) बीपीएल कार्ड धारक या केंद्र सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जारी कोई अन्य प्रमाण पत्र (या) रेलवे द्वारा जारी इज्जत एमएसटी धारक हैं। उम्मीदवारों को आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग को अन्य पिछड़ा वर्ग और अत्यंत पिछड़ा वर्ग के साथ भ्रमित नहीं करना चाहिए।

प्रश्न 31 ईबीसी उम्मीदवारों को क्या लाभ दिए जाते हैं ?
उत्तर. ईबीसी उम्मीदवारों को 'फीस में छूट दी जाती है। विस्तृत सीईएन संख्या 08/2024 के पैरा 7.3 का संदर्भ लें ।

प्रश्न 32 मैं एक ईबीसी हूँ। अगर मेरे पास ईबीसी प्रमाण-पत्र नहीं है तो मुझे क्या करना चाहिए ?
उत्तर. आवेदन जमा करने से पहले उम्मीदवार के पास विस्तृत CEN के अनुलग्नक III (A) के अनुसार वैध आय प्रमाण पत्र होना चाहिए। यदि उनके पास अनुलग्नक III (A) के अनुसार आय प्रमाण पत्र नहीं है, तो उम्मीदवार अपने BPL कार्ड का विवरण दे सकते हैं, या मान्यता प्राप्त गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत केंद्र सरकार द्वारा जारी कोई अन्य प्रमाण पत्र (या) रेलवे द्वारा जारी IZZAT MST का विवरण दे सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए विस्तृत CEN संख्या 08/2024 के पैरा 7.3 को देखें।
आवेदन जमा करने की तिथि तक वैध **EBC** प्रमाणपत्र/**BPL** कार्ड/IZZAT MST, DV के दौरान प्रस्तुत किया जाना चाहिए; अन्यथा, उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी ।

प्रश्न 33 क्या ईबीसी के लिए पद आरक्षित हैं ?
उत्तर. नहीं। ईबीसी उम्मीदवार केवल शुल्क रियायत के लिए पात्र हैं। ईबीसी उम्मीदवारों के लिए कोई पद आरक्षित नहीं है।

प्रश्न 34 मुझे अपनी परीक्षा के लिए भाषा का चयन कहां करना चाहिए ?
उत्तर. अभ्यर्थी 'व्यक्तिगत विवरण पृष्ठ के अंतर्गत ड्रॉप-डाउन मेनू में उपलब्ध भाषाओं की सूची में से एक भाषा चुन सकते हैं ।

प्रश्न 35 एससी/एसटी/ओबीसी/ईडब्ल्यूएस स्थिति का दावा करने की निर्णायक तारीख क्या है ?
उत्तर. एससी/एसटी/ओबीसी/ईडब्ल्यूएस स्थिति के आधार पर आरक्षण चाहने वाले उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित करना होगा कि उनके पास इस सीईएन के आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि अर्थात (22.02.2025) तक जाति/समुदाय प्रमाण पत्र

अवश्य होने चाहिए। डीवी के दौरान, ऐसे उम्मीदवारों को आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि तक अपना वैध मूल जाति/समुदाय प्रमाण पत्र (निर्धारित प्रारूप में) प्रस्तुत करना चाहिए ।

प्रश्न 36 ईडब्ल्यूएस के अंतर्गत आरक्षण प्राप्त करने के मानदंड क्या हैं ?

उत्तर. इसके लिए आरआरबी की आधिकारिक वेबसाइटों पर उपलब्ध विस्तृत सीईएन संख्या 08/2024 के पैरा 8.7 का संदर्भ लें।

प्रश्न 37 शुल्क रियायत के लिए कौन पात्र हैं ?

उत्तर. अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, भूतपूर्व सैनिक, दिव्यांग, महिला, ट्रांसजेंडर, अल्पसंख्यक और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग के उम्मीदवार शुल्क में छूट के लिए पात्र हैं ।

प्रश्न 38 मैं वर्तमान में सशस्त्र बल में सेवारत हूं। क्या मैं भूतपूर्व सैनिक के रूप में आवेदन कर सकता हूं ?

उत्तर. हाँ। आप भूतपूर्व सैनिक के रूप में आवेदन कर सकते हैं।कृपया विस्तृत सीईएन का पैरा 10.0 से 10.5 देखें

प्रश्न 39 मैंने भूतपूर्व सैनिक के रूप में पहले ही सिविल रोजगार प्राप्त कर लिया है। क्या मैं इस CEN के तहत भूतपूर्व सैनिक के लाभ के लिए पात्र हूँ ?

उत्तर. ऐसे भूतपूर्व सैनिक उम्मीदवार, जिन्होंने भूतपूर्व सैनिकों को दिए जाने वाले लाभ का पहले ही केंद्र सरकार के अंतर्गत ग्रुप 'सी' और पूर्ववर्ती ग्रुप 'डी' (सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, स्वायत्त निकायों/सांविधिक निकायों, राष्ट्रीयकृत बैंकों आदि सहित) में सिविल रोजगार के रूप में प्राप्त कर लिया है, उन्हें केंद्र सरकार के अंतर्गत ग्रुप 'सी'/तत्कालीन ग्रुप 'डी' में उच्चतर ग्रेड या कैडर में एक और सिविल रोजगार प्राप्त करने के लिए भूतपूर्व सैनिकों के लिए निर्धारित आयु में छूट का लाभ ही दिया जाएगा। ऐसे उम्मीदवारों को भूतपूर्व सैनिकों के लिए आरक्षित रिक्तियों के लिए विचार नहीं किया जाएगा। विस्तृत सीईएन संख्या 08/2024 के पैरा 10.0 से 10.5 देखें ।

प्रश्न 40 दस्तावेज़ सत्यापन के समय एनओसी किसे प्रस्तुत करना चाहिए ?

उत्तर. भूतपूर्व सैनिक उम्मीदवार, जिन्होंने पहले ही सिविल रोजगार प्राप्त कर लिया है, सेवारत रेलवे कर्मचारी (एसआरई) और केन्द्र/राज्य सरकार/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में सेवारत कर्मचारियों को दस्तावेज सत्यापन के समय एनओसी अवश्य प्रस्तुत करना चाहिए ।

प्रश्न 41 दिव्यांग व्यक्तियों के लिए निर्दिष्ट विकलांगता की मानक डिग्री क्या है ?

उत्तर बेंचमार्क विकलांगता (PwBD) वाले व्यक्ति के रूप में माने जाने के लिए, उनकी विकलांगता 40% या उससे अधिक होनी चाहिए । कृपया विस्तृत सीईएन का पैरा 11.0 से 11.8 देखें

प्रश्न 42 क्या पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवार अनारक्षित रिक्तियों के लिए आवेदन कर सकते हैं ?

उत्तर. हाँ। पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवार किसी भी ऐसे पद की अनारक्षित रिक्तियों के लिए भी आवेदन कर सकते हैं जो विशेष रूप से उनके लिए निर्धारित नहीं हैं, लेकिन इस सीईएन संख्या 08/2024 के अनुलग्नक-ए (पद पैरामीटर) में पद को उनकी विकलांगता के लिए उपयुक्त के रूप में दर्शाया जाना चाहिए। वे इन पदों के लिए आवेदन करते समय आयु में छूट और शुल्क में छूट के लिए पात्र होंगे।

प्रश्न 43 मैं पदों के लिए विभिन्न विकलांगताओं की उपयुक्तता के बारे में कैसे जान सकता हूँ ?

उत्तर. पीडब्ल्यूबीडी के लिए किसी पद की उपयुक्तता या अन्यथा को प्रत्येक पद के सामने पद पैरामीटर तालिका (अनुलग्नक-ए) में, विकलांगता की निर्दिष्ट उप-श्रेणी के विवरण के साथ "बेंचमार्क विकलांग व्यक्तियों के लिए उपयुक्तता" कॉलम के तहत दर्शाया गया है ।

प्रश्न 44 स्क्राइब सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए कौन पात्र हैं ?

उत्तर. कृपया विस्तृत सीईएन का पैरा 11.4 से 11.6 देखें

प्रश्न 45 'शुल्क वापसी' के लिए कौन पात्र हैं ?

उत्तर. सीबीटी में भाग लेने वाले उम्मीदवार केवल विस्तृत सीईएन संख्या 08/2024 के पैरा 7.0 के तहत दिए गए 'शुल्क वापसी' (बैंक सेवा शुल्क की कटौती के बाद) के लिए पात्र हैं। कृपया ध्यान दें कि संशोधन शुल्क वापस नहीं किया जाएगा ।

प्रश्न 46 कृपया मुझे आरआरबी की 'फीस रिफंड नीति' के बारे में बताएं ।

उत्तर. फीस वापसी नीति: फीस भुगतान की प्रक्रिया के दौरान आवेदक यह स्वीकार करता है और सहमत होता है कि उसके द्वारा किया गया भुगतान वापस नहीं किया जाएगा और आवेदक किसी भी परिस्थिति में चार्जबैक नहीं कर सकता है। शुल्क वापसी योग्य हिस्सा (विस्तृत CEN के पैरा 7.0 के अनुसार) केवल उन उम्मीदवारों पर ही लागू होगा जो CBT परीक्षा में भाग लेंगे। गलत, अधूरे या अस्वीकृत आवेदनों और CBT में अनुपस्थित रहने पर परीक्षा शुल्क वापस नहीं किया जाएगा ।

प्रश्न 47 आवेदन में केवल मैट्रिकुलेशन ही दिखाई दे रहा है। मैं अपनी अन्य योग्यताएं कैसे जोड़ें ?

उत्तर. ‘योग्यता’ कॉलम के अंतर्गत संबंधित योग्यता का चयन करें, योग्यता विवरण भरें और ‘ऐड’ बटन पर क्लिक करें ।

प्रश्न 48 यदि मैट्रिक और अन्य योग्यता प्रमाण पत्रों पर केवल उत्तीर्ण होने का महीना और वर्ष ही उपलब्ध है, तो मुझे आवेदन में कौन-सी तारीख दर्ज करनी चाहिए ?

उत्तर. यदि किसी योग्यता प्रमाण-पत्र पर तारीख उपलब्ध नहीं है, तो प्रमाण-पत्र पर उपलब्ध महीने की अंतिम तारीख दर्ज करें। उदाहरण के लिए मई-2024 को 31-05-2024 के रूप में उल्लेखित किया जा सकता है ।

प्रश्न 49 यदि जिला/राज्य का विभाजन हो गया है तो मुझे किस जिले/राज्य का उल्लेख करना चाहिए?

उत्तर. वर्तमान जिला/राज्य का उल्लेख किया जा सकता है क्योंकि विभाजन के बदले में संबंधित राज्य के लिए कुछ जिले नहीं दिखाए जाएंगे, अर्थात आंध्र प्रदेश के दो राज्यों (आंध्र प्रदेश और तेलंगाना) में विभाजन के बाद संयुक्त आंध्र प्रदेश राज्य के जिलों को आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में विभाजित किया गया है। इसके अलावा, संबंधित राज्यों के जिलों को और विभाजित किया गया है। इसलिए, अस्पष्टता से बचने के लिए वर्तमान जिला/राज्य का उल्लेख किया जा सकता है ।

प्रश्न 50 कुल मिलाकर कौन-कौन से दस्तावेज़ अपलोड करने होंगे ?

उत्तर. सभी अभ्यर्थियों को निर्धारित विनिर्देशों के अनुसार अपनी स्कैन की गई फोटो और स्कैन किए गए हस्ताक्षर अपलोड करने होंगे। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों को मुफ्त यात्रा पास प्राप्त करने के लिए जाति प्रमाण पत्र अपलोड करना होगा ।

प्रश्न 51 अपलोड किये जाने वाले दस्तावेजों का साइज क्या होनी चाहिए ?

उत्तर. पीडीएफ प्रारूप में जाति प्रमाण पत्र 500 केबी से कम होना चाहिए। फोटोग्राफ जेपीईजी प्रारूप में 50 केबी से 100 केबी के बीच होना चाहिए। जेपीईजी प्रारूप में स्कैन किए गए हस्ताक्षर 30 केबी से 50 केबी के बीच होने चाहिए। सभी आयाम 'प्रोफाइल दस्तावेज़ अपलोड करें' पृष्ठ पर ही प्रदर्शित किए जाते हैं ।

प्रश्न 52 मैं फीस का भुगतान कैसे कर सकता हूं ?

उत्तर. फीस का भुगतान केवल नेट बैंकिंग या क्रेडिट कार्ड या डेबिट कार्ड या यूपीआई के माध्यम से ऑनलाइन किया जा सकता है। फीस के अतिरिक्त उम्मीदवार से प्रोसेसिंग शुल्क और जीएसटी भी लिया जाएगा ।

प्रश्न 53 मुझे कितनी फीस देनी होगी ?

उत्तर. इसके लिए इस सीईएन संख्या 08/2024 का पैरा 7.0 देखें ।

प्रश्न 54 भर्ती प्रक्रिया में कितने चरण हैं ?

उत्तर. इस भर्ती प्रक्रिया में प्रथम चरण कंप्यूटर आधारित टेस्ट (सीबीटी), शारीरिक दक्षता परीक्षण (पीईटी), दस्तावेज़ सत्यापन (डीवी) और चिकित्सा परीक्षा (एमई) शामिल हैं ।

प्रश्न 55 सीबीटी का पैटर्न और पाठ्यक्रम क्या है ?

उत्तर. कृपया पैरा 14.1 देखें। `

प्रश्न 56 क्या इसमें नेगेटिव मार्किंग होगी ?

उत्तर. हाँ। सीबीटी में प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 1/3 अंक की नकारात्मक अंकन (नेगेटिव मार्किंग) होगी ।

प्रश्न 57 क्या मुझे उन सभी पदों के लिए वरीयता क्रम प्रदान करना चाहिए जिनके लिए मैं पात्र हूं ?

उत्तर. हां, उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे चुने गए रेलवे में जितने पदों के लिए पात्र हैं, उतने पदों के लिए अपनी वरीयता क्रम बताएं। आंशिक वरीयता वाले उम्मीदवारों पर केवल उन विशिष्ट रेलवे जोन और पदों/श्रेणियों के लिए विचार किया जाएगा, जिन्हें उन्होंने चुना है, आवंटन रिक्तियों की उपलब्धता के अधीन। यदि कुछ पदों/श्रेणियों के लिए कोई वरीयता नहीं दी जाती है, तो इसे उन पदों के लिए उनकी अनिच्छा माना जाएगा। एक बार वरीयताएँ जमा हो जाने के बाद, वे अंतिम होती हैं, और उनमें कोई बदलाव नहीं किया जाएगा ।

प्रश्न 58 मुझे कैसे पता चलेगा कि मेरा आवेदन अंततः जमा हो गया है ?

उत्तर. ऑनलाइन आवेदन जमा होने की अंतिम स्वीकृति शुल्क भुगतान की पुष्टि प्राप्त होने के बाद ही होगी। आवेदक को ई-मेल और एसएमएस के माध्यम से सफल भुगतान की पुष्टि प्राप्त होगी ।

प्रश्न 59 मेरा आवेदन अस्वीकार होने की स्थिति में क्या मेरे द्वारा भुगतान किया गया शुल्क वापस किया जाएगा ?

उत्तर. आवेदन पत्र अस्वीकार होने पर कोई शुल्क वापस नहीं किया जाएगा ।

प्रश्न 60 क्या मैं आवेदन का प्रिंटआउट ले सकता हूँ ?

उत्तर. हां। अभ्यर्थी परीक्षा शुल्क का भुगतान करने के बाद अपने आवेदन का प्रिंटआउट ले सकते हैं ।